तापमान
अधिकतम 31.4 डिग्री
न्यूनतम 16.6 डिग्री

हरिभूमि
# बालोद भूमि
रायपुर, सोमवार 24 मार्च 2025

13 छत्तीसगढ़ के विकास में बिहार के लोगों का भी ...

14 गर्मी बढ़ने के साथ बढ़ी तरबूज की मांग, 25 ...




## खबर संक्षेप

### ग्राम कापसी में माता कर्मा जयंती महोत्सव कल

**डौंडीलोहारा।** ग्राम स्तरीय कर्मा जयंती महोत्सव का आयोजन ग्राम कापसी में 25 मार्च को रखा गया है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि खगेश ठाकुर पूर्व जनपद सदस्य होंगे, अध्यक्षता दुर्गा प्रसाद साहू अध्यक्ष ग्रामीण साहू समाज करेंगे। विशेष अतिथि के रूप में चुन्नी मानकर जिला पंचायत सदस्य एवं रोहिणी पिस्दा जनपद सदस्य उपस्थित रहेंगी। समाज के सचिव हेमंत कुमार साहू ने बताया कि इस अवसर पर संध्या 6 बजे से ग्राम तरौद वालों का छत्तीसगढ़ी सांस्कृतिक कार्यक्रम रखा गया है।

### ग्राम सिर्राभाठा में भागवत कथा 30 से

**बालोद।** ग्राम सिर्राभाठा में सिन्हा परिवार द्वारा चैत्र नवरात्रि कलश



स्थापना व सुंदरी बाई सिन्हा, भिखारी सिन्हा, डिहारी सिन्हा ईश्वरी सिन्हा, शिवनंदन सिन्हा, नकुलराम सिन्हा की स्मृति में श्रीमद् भागवत ज्ञान यज्ञ का आयोजन 30 मार्च से 6 अप्रैल तक किया गया है। कथावाचक चन्द्रकांत शर्मा होंगे। कथा सुबह 10 बजे से 12:30 बजे तक व दोपहर 2 बजे से 5:30 बजे तक होगी। कार्यक्रम की शुरुआत 30 मार्च को ज्योति कलश स्थापना, मंगलाचरण, भागवत महात्म कथा के साथ होगी। 31 मार्च को मीमांसा दर्शन कथा होगी।

### 36 हजार जब्त, सात जुआरी गिरफ्तार



**दल्लीराजहरा/बालोद।** राजहरा पुलिस ने जुआ खेल रहे 7 जुआरियों को रंगे हाथों पकड़ने में सफलता पाई है। फड़ से 36036 रूपए नकद बरामद किया गया है। पुलिस के अनुसार 23 मार्च को मोबाईल पर मिली सूचना के आधार पर वार्ड क्रमांक 26 राजहरा में हरदीप सिंह भाटिया के सूने मकान में दबिश दी गई। इस दौरान सुदामा शर्मा पिता शंकर शर्मा उम्र 40 वर्ष साकिन वार्ड क्रमांक 09 टाउनशीप राजहरा, रतन राम यादव पिता बजरंग यादव उम्र 49 वर्ष साकिन वार्ड क्रमांक 12 चिखलाकसा, हरदीप सिंह भाटिया पिता स्व गुरबीर सिंह भाटिया उम्र 31 वर्ष साकिन वार्ड क्रमांक 26 राजहरा, सत्यप्रकाश साहू पिता आरएन साहू उम्र 55 वर्ष साकिन वार्ड क्रमांक 06 हास्पिटल सेक्टर राजहरा, उमाशंकर पिता नरोत्तम बंछोर उम्र 60 वर्ष साकिन वार्ड क्रमांक 08 राम मंदिर वार्ड राजहरा, पारख पिता रामदास साहू उम्र 53 वर्ष साकिन वार्ड क्रमांक 26 रेलवे स्टेशन राजहरा और सत्यजीत ठाकुर पिता ▶▶| शेष पेज 13 पर

समस्या

जल है तो कल है

## इस वर्ष नगर में गर्मी से पहले ही शुरू हो गई परेशानी

# वार्ड क्रमांक 16 व 17 में गहराई पेयजल की समस्या, नलों में नहीं के बराबर आ रहा पानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

इस वर्ष मार्च के महीने में ही बहुत तेज गर्मी पड़ने लगी है। इसके साथ ही अभी से जलस्तर घटने लगा है, जिससे लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इससे बालोद शहर के वार्ड क्रमांक 16 व 17 के वार्डवासियों की भी समस्या बढ़ गई है। यहां के निवासियों का कहना है कि अधिकांश घरों के नल से तो पानी नहीं के बराबर मिल रहा है, वहीं वार्डवासियों को प्रतिदिन टैंकर की सुविधा भी नहीं मिलने की शिकायत वार्डवासियों द्वारा की जा रही है। शहर के वार्ड क्रमांक 16 व 17 के वार्डवासियों ने कहा कि उनके वार्ड में नल के माध्यम से कम मात्रा में पानी आ रहा है, जिससे उन्हें पानी के लिए भटकना पड़ रहा है। घंटों इंतजार करने पर पानी मिलने से समस्या से दो चार होना पड़ रहा है।

वहीं कई वार्डवासियों ने बताया कि वार्ड के कई घरों में लोगों ने टुल्लू पंप लगा दिया है। ऐसे घरों के मालिकों द्वारा जब मर्जी सुबह शाम टुल्लू चालू कर नल के माध्यम से दिये जाने वाले पानी को खींच लेते हैं। इससे अन्य घरों में जहां टुल्लू पंप नहीं लगा है उनके घरों में नल के माध्यम से जल नहीं के बराबर पहुंच रहा है। इससे वे पानी के लिए भटकने को मजबूर हैं। ऐसे में वार्डवासियों द्वारा मांग की गई है कि नल के माध्यम से जल पहुंचाने के लिए प्रमुखता से घरों का निरीक्षण कर टुल्लूपंप लगाने वालों पर कार्यवाही करनी चाहिए, ताकि नल के माध्यम से जल सभी घरों में पहुंच सके और आगे बढ़ती गर्मी में पानी के लिए किसी को समस्या का सामना न करना पड़े।



ग्राम चिरईगोड़ी में सही स्थान पर पानी टंकी निर्माण नहीं होने से हो रही समस्या

### नहीं मिल रही टैंकर की सही सुविधा

वार्ड 16 व 17 के वार्डवासियों ने यह भी आरोप लगाया है कि उनके वार्ड के वार्डवासियों को टैंकर की सही सुविधा नहीं दी जा रही है। उन्हें टैकर प्रतिदिन उपलब्ध न कराकर दो दिन के अंतर से उपलब्ध कराया जा रहा है, जबकि दूसरे वार्ड में प्रतिदिन सुबह-शाम टैंकर की सुविधा प्रदान की जा रही है।

### पुराने बोर से 1 घंटे में एक बाल्टी पानी

वहीं, वार्ड क्रमांक 17 के निवासियों ने बताया कि वार्ड में 5 साल पहले से एक सार्वजनिक बोर व प्लास्टिक पानी टंकी है, जिसमे बोर खनन 300 फीट तक किया गया है। बरसात में यह मोटर ठीक पानी देता है, लेकिन बरसात खत्म होते ही इस मोटर से 1 घंटे में एक बाल्टी पानी भरने की स्थिति आ जाती है। वहीं, एक बाल्टी भरने के बाद मोटर को आधा घंटा बंद करना पड़ता है, फिर चालू करने पर एक घंटे में एक बाल्टी पानी मिलती है। इस तरह पानी के लिए समस्या हो रही है।



### कुछ लोग टुल्लू पंप से खींच रहे पानी, दूसरों को हो रही परेशानी

वहीं, वार्डवासियों ने आगे बताया कि पूर्व सरकार में उनके द्वारा जब नगर पालिका में इसकी शिकायत की जाती थी, तो नगर पालिका के अधिकारी कर्मचारियों द्वारा सीधे मुंह पर कहा दिया जाता था कि अगर आपके आस पास घर वाले टुल्लूपंप नल में लगाकर पानी खीच रहे हैं, तो वो लगाए हैं, तो आप भी नल में टुल्लूपंप लगाकर पानी खींचिये आपको किसने रोका है, लेकिन अब सरकार बदलने के बाद वार्डवासियों ने आशा व्यक्त की है कि सरकार बदलने के बाद प्रशासन की कार्यशैली में भी परिवर्तन होगा और टुल्लूपंप लगाकर पानी खींचने वालों पर कार्रवाई होनी चाहिए, जिससे वार्ड में पानी की समस्या दूर हो।

### 5 बोर फेल, 6वें में पानी मिला पर सालभर में ही हांफने लगा पंप

**बालोद।** ग्राम चिरईगोड़ी में एक टंकी के माध्यम से ग्रामीणों को पानी उपलब्ध कराया जा रहा था, लेकिन लगातार भूजल स्तर गिरने से दो साल में टंकी के लिए 5 बार बोर खनन कराया गया, लेकिन सभी बोर असफल रहे। 6 वीं बार में बोर सफल होने पर टंकी के माध्यम से ग्रामीणों को पिछले एक साल से पानी की सुविधा मिल रही थी, लेकिन मात्र एक साल में ही इस बोर का जलस्तर गिर गया और ग्रामीणों को नल के माध्यम से जल इस गर्मी के शुरूआत में ही नहीं मिल पा रहा है। ग्राम चिरईगोड़ी में 1400 की जनसंख्या निवास करती है। ग्रामीणों ने बताया कि सही जगह पर टंकी निर्माण न होने के कारण ऐसी समस्या का सामना हमको करना पड़ रहा है। जल स्त्रेत का निरीक्षण कर अगर टंकी का निर्माण किया गया होता तो हमें पानी की समस्या का सामना नहीं करना पड़ता। टंकी तो सही तरीके से बना दी गई, लेकिन पानी की व्यवस्था को नहीं देखा गया, जिससे टंकी तो बन गई लेकिन इस टंकी के माध्यम से हमको पानी नहीं मिल पा रहा है। ग्रामीणों ने कहा कि नल के माध्यम से जल नहीं मिलने के कारण घरों में मौजूद कुएं से पानी की व्यवस्था करनी पड़ रहा है। जहां नहाने धोने व दैनिक क्रिया कलाप के लिए कुआं व गांव के तालाबों का सहारा लेना पड़ रहा है। लेकिन बढ़ती गर्मी के कारण कुएं और तालाबों का जलस्तर भी गिरता जा रहा है। ऐसे में हमको आगे बढ़ती गर्मी में निस्तारी के लिए भी दिक्कतों का सामना करना पड़ सकता है।

#### हैंडपंपों में लग रही कतार

ग्रामीणों ने कहा कि पीने का पानी दूर से लाना पड़ता है और सुबह से ही महिलाएं अन्य कामों को छोड़कर पानी के जुगाड़ में लग जाती हैं। ग्राम के हैण्डपंपों में लाईन लगाकर पानी भरना पड़ता है। ग्रामीणों ने कहा कि कई बार ग्रामीणों के बीच पानी के लिए लड़ाई झगड़ा की स्थिति पैदा हो जा रही है। वहीं, हैण्डपंपों के स्थानों पर साफ सफाई नहीं होने कारण गंदे स्थानों में पानी भरने के लिए ग्रामीण मजबूर रहते हैं। ऐसे में ग्रामीणों ने जल्द ही पानी की समस्या दूर करने की मांग की है।

## पता पूछने के बहाने तहसीलदार को आटो में बैठाया, चाकू दिखाकर लूटा, फिर धकेल दिया




हरिभूमि न्यूज. ▶▶| बालोद

छत्तीसगढ़ के बालोद जिले में बदमाशों के हौसले इस कदर बुलंद हैं कि, वे खुलेआम लूटपाट की वारदात को अंजाम दे रहे हैं। बदमाशों ने शाम को टहलने निकलने तहसीलदार आशुतोष शर्मा को चाकू दिखाकर उनसे 6 हजार रूपए लूट लिए। लूट के बाद तहसीलदार श्री शर्मा ने थाने में रिपोर्ट दर्ज करवाई।

- लूट के शिकार तहसीलदार ने कोतवाली में लिखाई रिपोर्ट

मिली जानकारी के अनुसार, बालोद शहर के मधु चौक के स्टेट बैंक पास तहसीलदार आशुतोष शर्मा टहलने निकले थे। तभी चार अज्ञात लोग ऑटो में सवार होकर आए और रास्ता पूछने के बहाने उन्हें ऑटो में बैठा लिया। कुछ दूर ले जाकर उन्होंने चाकू दिखाकर पर्स में रखे हुए 6 हजार रुपये और अन्य आई कार्ड लूट लिए। लूट के बाद उन्होंने तहसीलदार को ऑटो से नीचे धकेल दिया और फरार हो गए। उसके बाद तहसीलदार आशुतोष शर्मा सिटी कोतवाली पहुंचे और रिपोर्ट दर्ज करवाई। इस मामले में पुलिस ने चारों आरोपियों के खिलाफ बीएनएस की धारा के तहत एफ़आईआर दर्ज किया है। पुलिस ने कुछ संदेहियों को हिरासत में लिया है और उनसे पूछताछ जारी है। खुलेआम इस लूट ने शहर की कानून व्यवस्था पर सवालिया निशान खड़े कर दिए हैं।

## सवारी ढो रहे दो मालवाहक पलटे 34 घायल, 9 की स्थिति गंभीर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

दो सड़क दुर्घटनाओं में 34 लोग घायल हो गए, जिनमें से 9 की स्थिति गंभीर बताई जा रही है। दोनों ही मामलों में वाहन से ग्रामीण शादी कार्यक्रम में सम्मिलित होकर लौट रहे थे। वर्तमान में शादी समारोह के कार्यक्रम प्रारंभ हो गए हैं, जिसके

- दोनों ही घटनाओं में शामिल ग्रामीण विवाह कार्यक्रम से लौट रहे थे

तहत लोग यात्री गाड़ियों के साथ मालवाहक वाहनों में भी सवार होकर शादी कार्यक्रम में सम्मिलित होते हैं। लेकिन इस दौरान बरती जा रही लापरवाही के कारण जिले में बीते दो दिनों में सड़क दुर्घटना हुई है।

पहले प्रकरण में शुक्रवार की देर रात बालोद ब्लाक के ग्राम मड़वापथरा एवं हर्राठेमा के मध्य वनपंडेल मार्ग में अनियंत्रित तूफान वाहन क्रमांक सीजी 17 के एन 8628 के सड़क किनारे पेड़ से टकराने जाने से वाहन में सवार लगभग 17 लोग घायल हो गए। जिनमें 5 की स्थिति गंभीर बताई जा रही है। घायलों में 2 बच्चे और 3 महिलाएं शामिल हैं। जानकारी अनुसार वाहन सवार सभी लोग ग्राम भाठागांव सिकोसा से शादी कार्यक्रम में शामिल होने ग्राम पचेड़ा गए थे, जहां से देर रात वापस गृहग्राम आ रहे थे, उसी दौरान यह घटना हुई है। घोटिया अस्पताल में तैनात संजीवनी 108 द्वारा सभी घायलों को घोटिया स्वास्थ्य केन्द्र लाया गया। जहां से घायलों को जिला अस्पताल लाया गया। जानकारीनुसार वाहन सवार ओनिका ठाकुर उम्र 19 वर्ष तथा झमिता यादव उम्र 19 वर्ष को ज्यादा चोटें आई है जिनका उपचार जारी है। जानकारी अनुसार कांकेर जिले के नेट गांव का एक परिवार पिकअप वाहन में करीब 30 लोग सवार होकर डौंडी ब्लाक के मर्रामखेड़ा गांव में एक शादी कार्यक्रम में शामिल हुए थे। वही देर रात शादी ▶▶| शेष पेज 13 पर



### 30 से ज्यादा लोगों को लेकर जा रही पिकअप अनियंत्रित होकर पलटी, 17 घायल

वहीं, दूसरे प्रकरण में शनिवार रात शादी कार्यक्रम में शामिल होकर घर लौट रहे लोगों से भरी पिकअप अनियंत्रित होकर पलट गई, जिसमें 14 महिला 2 पुरुष 1 बच्चे समेत 17 लोग घायल हुए हैं। वहीं, 4 लोगों की हालत नाजुक बताई जा रही है। पिकअप में लगभग 30 से अधिक लोग सवार थे। हादसा डौंडी थाना क्षेत्र के गंगोलीडीही गांव जाने के मार्ग में हुआ है। इधर सूचना मिलने के बाद मौके पर पुलिस घटना स्थल पहुंची और सभी घायलों को पुलिस वाहन से डौंडी स्वास्थ्य केन्द्र पहुंचाया, जहां घायलों का इलाज जारी है। घटना शनिवार–रविवार दरमियानी रात की है।

## अज्ञात वाहन ने स्कूटी को ठोंका, शिक्षिका की मौत, भृत्य घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

नेशनल हाईवे क्रमांक 930 पर हितेकसा के पास अज्ञात वाहन की टक्कर से हाईस्कूल की शिक्षिका की मौत हो गई, वहीं भृत्य गंभीर रूप से घायल हो गई है। घटना शनिवार की

- नेशनल हाईवे क्रमांक 930 पर हितेकसा के पास शनिवार शाम हुई दुर्घटना

शाम 4:30 बजे के आसपास की बताई जा रही है। जानकारी के अनुसार शेरपार हाईस्कूल की शिक्षिका बरखा वासनिक 35 वर्ष अपने स्कूल में पदस्थ भृत्य मथुरा मण्डावी 45 वर्ष के साथ स्कूटी में मानपुर चौक की ओर आ रही थी, तभी हितेकसा के पास अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। टक्कर मारने के बाद वाहन मौके से फरार हो गया। दुर्घटना में बरखा वासनिक की मौके पर ही मौत हो गई, साथ में स्कूटी में सवार मथुरा मण्डावी को गंभीर चोट आई है। उन्हें संजीवनी 108 के माध्यम से शासकीय अस्पताल चिखलाकसा लाया गया इसके पश्चात मथुरा मण्डावी की गंभीर स्थिति को देखते हुए मेडिकल



कॉलेज राजनांदगांव रिफर कर दिया गया। सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार बरखा वासनिक दुर्ग अपने मायके में रहती थीं। उनके दो बच्चे 7 वर्ष की बेटी एवं 6 वर्ष का बेटा है। उनके पति शिशुपाल वासनिक बिजली विभाग में कार्यरत हैं, जो राधिका नगर भिलाई में रहते हैं। शिक्षिका बरखा 7 वर्षों से पति से विवाद होने के कारण अपने मायके शंकर नगर दुर्ग में अपने बच्चों के साथ रहती थी। वहीं, घायल मथुरा मण्डावी ग्राम परसोदा बालोद की निवासी हैं। दोनों स्कूल की छुट्टी होने के पश्चात स्कूटी से घर लौट रहे थे।

## गुंडरदेही विकासखंड के ग्राम डुड़िया के युवाओं ने बचाई गाय की जान

# दलदल में फंसी गाय को युवकों ने सुरक्षित निकाला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

जिले के गुण्डरदेही विकासखंड के अन्तर्गत अर्जुन्दा तहसील के ग्राम डुड़िया में स्थानीय युवाओं ने जीवदया का परिचय दिया। ग्राम डुड़िया के एक खेत के दलदल में एक गौमाता फंस गई थी, जिससे उसकी जान पर खतरा मंडरा रहा था। जैसे ही स्थानीय लोगों को इस घटना की जानकारी मिली, तुरंत कुछ युवाओं ने आगे आकर बचाव कार्य शुरू किया। गौमाता की स्थिति नाजुक थी, क्योंकि दलदल में लगातार धंसने के कारण उसकी हालत बिगड़ती जा रही थी। मौके पर पहुंचे युवाओं ने बिना समय गंवाए आपसी समन्वय से बचाव अभियान शुरू किया। कुछ युवाओं ने रस्सियों और लकड़ियों की सहायता से गौमाता को धीरे-धीरे बाहर निकालने का प्रयास किया। लगभग 1 घंटे की कड़ी मेहनत और सूझबूझ के बाद वे सफल रहे और गौमाता को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया।

### लगभग घंटेभर की मशक्कत के बाद रस्सी और लकड़ी की सहायता से निकाला बाहर



### संकट में फंसे किसी भी जीव की मदद करना हमारा कर्तव्य

बचाव कार्य में शामिल युवा यशवंत कुमार टंडन ने कहा कि हर जीव की रक्षा करना हमारा कर्तव्य है। गौमाता को संकट में देखकर हमने बिना कोई देरी किए उसकी मदद करने का निर्णय लिया। यह एक मानवीय कर्तव्य है और हमें गर्व है कि हम उसकी जान बचा सके। इस पुनीत कार्य से लोगों में यह संदेश जा रहा है कि हम सभी को जरूरतमंद जीव–जंतुओं की सहायता के लिए हमेशा तत्पर रहना चाहिए। इस बचाव कार्य में जीतराम टंडन, रामाधार टंडन, प्रियांचल टंडन, अनमोल टंडन, लिकेश टंडन की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# नेशनल गेम्स में कांस्य पदक जीतने वाली बेटियों का किया गया सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

37 वें नेशनल गेम के खिलाड़ियों को सम्मान मिला। सम्मान प्राप्त कर शहीद वीर नारायण सिंह स्पोर्ट एकेडमी के खिलाड़ियों ने राकेश यादव से आशीर्वाद लिया।

रायपुर में आयोजित 37 वें नेशनल गेम्स और 38 वें नेशनल गेम्स के पदक विजेता खिलाड़ियों को मुख्यमंत्री विष्णु देव साय द्वारा पुरस्कृत किया गया। जिसमें बालोद शहर की 3 बेटियों त्रिवेणी राजपूत व देमेशरी साहू ने तलवार ढाल में कांस्य पदक व खिलेश्वरी साहू ने 8 फिट हाई किक मार कर कांस्य पदक प्राप्त किया। इनके कोच आरक्षक मनीष ठाकुर ने बताया कि यह



प्रतियोगिता गोवा में 7 से 9 नवंबर 2023 में आयोजित हुई थी, जिसमें इन खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया था। एकेडमी के अध्यक्ष किशोर नाथ योगी ने जानकारी दी कि छत्तीसगढ़ शासन द्वारा आयोजित खेल सम्मान कार्यक्रम में इन खिलाड़ियों को 2 लाख 40 हजार रुपए की राशि से पुरस्कृत किया गया, जिससे इन खिलाड़ियों को भविष्य में आगे बढ़ने के लिए मदद मिलेगी।

एकेडमी के संरक्षक अजय यादव ने बताया कि शहीद वीर नारायण सिंह स्पोर्ट्स एकेडमी बालोद व बालोद से लगे वनांचलों के खिलाड़ियों को विगत 3 वर्षों से खेल के साथ विभिन्न भर्तियों में भी युवाओं को ▶▶| शेष पेज 13 पर

**खबर संक्षेप**



### ग्रीन चौक तक रोप लाइट लगाने की मांग

**दुर्ग।** छत्तीसगढ़ मंच ने पुराना बस स्टैंड से शिवम मॉल तक लगाए गए ट्यूबलर पोल पर किए गए प्रकाश व्यवस्था का स्वागत करते हुए विधायक गजेन्द्र यादव एवं महापौर श्रीमती अल्का बाघमार से पुराना बस स्टैंड से ग्रीन चौक तक ट्यूबलर पोल पर रंगीन रोप लाइट लगाने की मांग की है। उक्त रोप लाइट लगने से इसकी सुंदरता और भी बढ़ जाएगी। मांग करने वालों में छत्तीसगढ़ मंच दुर्ग के अध्यक्ष ईश्वर सिंह राजपूत, सचिव तुलसी सोनी, उपाध्यक्ष दिनेश जैन, कोषाध्यक्ष गुलाब चौहान, सहसचिव ललित वर्मा, संजय खंडेलवाल एवं हरीश सोनी शामिल हैं।

### जिला अस्पताल में पुलिस चौकी खोलने की मांग

**दुर्ग।** जिला चिकित्सालय में पुलिस चौकी संचालन करने की मांग को लेकर जीवन समिति के सदस्यों ने गृह और प्रभारी मंत्री विजय शर्मा को मांग पत्र सौंपा। समिति के आजीवन सदस्य दिलीप ठाकुर, मानद सदस्य प्रशांत डोंगावकर और सीता राम ठाकुर ने मांग पत्र में बताया कि जिला चिकित्सालय के आपातकालीन विभाग में रात्रिकालीन समय चिकित्सक और कार्मिकों में असुरक्षा की भावना बनी रहती है। कई वार्ड में अवांछित व्यक्तियों का भी जमावड़ा लगा रहता है। विगत कई माह पूर्व रात्रिकालीन ड्यूटी में कार्यरत नर्स के साथ उपचार कराने आए व्यक्ति द्वारा अभद्र व्यवहार का मामला भी सामने आया था। इसी तारतम्य में जिला चिकित्सालय में यथा शीघ्र पोलिस चौकी की मांग की गई है। ताकि चिकित्सा सेवा बिना दबाव और भय के हो सके।

### सहायिका के लिए आवेदन 24 तक

**दुर्ग।** परियोजना अधिकारी एकीकृत बाल विकास परियोजना दुर्ग शहरी के सिकोला बस्ती वार्ड क्र 16 में संचालित पालना केन्द्र में सहायिका पद पर भर्ती के लिए 24 मार्च तक आवेदन आमंत्रित की गई है। इच्छुक अभ्यर्थी महिला एवं बाल विकास विभाग पांच बिल्डिंग कार्यालय से संपर्क कर सकते हैं। आवेदन सीधे अथवा पंजीकृत डाक के माध्यम से कार्यालय में आवेदन जमा कर सकते हैं।

आंगनबाड़ी सहायिका पद हेतु आवेदन 3 अप्रैल तक आमंत्रित

दुर्ग। एकीकृत बाल विकास परियोजना भिलाई-2 के अंतर्गत संचालित आंगनबाड़ी केन्द्र डबरापारा अ में आंगनबाड़ी सहायिका के रिक्त पद पर नियुक्ति की जानी है। नियुक्ति हेतु आवेदन 3 अप्रैल तक कार्यालय एकीकृत बाल विकास परियोजना भिलाई-2 में नगर पालिक निगम भिलाई चरोद में सीधे अथवा पंजीकृत डाक से भेजा जा सकता है। परियोजना अधिकारी एकीकृत बाल विकास परियोजना भिलाई-2 से प्राप्त जानकारी अनुसार आंगनबाड़ी केन्द्र डबरापारा अ के नगर पालिक निगम भिलाई चरोदा वार्ड क्रमांक 12 केन्द्र क्रमांक डबरापारा-1 में आंगनबाड़ी सहायिका की भर्ती की जानी है।

# जमीनी नेताओं की अनदेखी से फूट रहा गुस्सा, दिख रही नाराजगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

आल इंडिया कांग्रेस कमेटी ने दुर्ग ग्रामीण के अध्यक्ष पद पर राकेश ठाकुर को जिम्मेदारी दी है। कांग्रेस महासचिव वेणुगोपाल की ओर से सूची जारी होने के बाद राजनीतिक गलियारों में खलबली मच गई हैं। पूर्व में जोगी कांग्रेस के घराना में रहते हुए प्रदेश अध्यक्ष रहे भूपेश बघेल का पुतला दहन करने वाले नेता को संगठन की जिम्मेदारी दिए जाने से जमीनी स्तर के नेता नाराज हो गए है। बल्कि उनके द्वारा खुलकर दुर्ग ग्रामीण अध्यक्ष का विरोध किया जा रहा हैं। ऐसा माना जा रहा था कि, कांग्रेस लोकसभा और विधानसभा सहित नगरीय निकाय और पंचायत चुनाव में करारी हार के बाद भी सीख लेगी। लेकिन ग्रामीण अध्यक्ष की नियुक्ति के बाद ज्यादा तकरार की स्थिति निर्मित हो गई हैं। ऐसी स्थिति में अपनो को साधना कांग्रेस के लिए चुनौती होगी।

ग्रामीण अध्यक्ष राकेश ठाकुर पूर्व में जोगी कांग्रेस में रहते हुए प्रदेश अध्यक्ष रहे भूपेश बघेल का पुतला जलाया था। बताया जाता है कि, राकेश ठाकुर की राजनीतिक कसक पाटन से शुरू हुई थी। वे पाटन के धौराभांठा गांव के रहने वाले है। कहा तो ये भी जा रहा है कि, वे भूपेश बघेल के करीबी रहे हैं। लेकिन राजनीतिक के जानकार इसे सिरे से खारिज करते हुए इसे प्रदेश के बडे नेताओं की अनदेखी और नुकसान की बात कह रहे हैं। कांग्रेस सूत्रों ने बताया कि, ज्यादातर वे रायपुर में ही रहे हैं। जोगी कांग्रेस में रहते हुए कांग्रेस का उनके द्वारा विरोध किया जाता है, लेकिन कांग्रेस प्रवेश के बाद उन्हें हाथों हाथ भी लिया गया। वे छग अपेक्स बैंक में डायरेक्टर की जिम्मेदारी भी दी गई थी। वही जिला पंचायत दुर्ग के पूर्व सभापति और किसान नेता भी रहे हैं। वर्तमान में उन्हे ग्रामीण अध्यक्ष की जिम्मेदारी मिलने के साथ ही अब उनके पुराने कार्यकाल की भी खूब चर्चा होने लगी हैं। प्रदेश कांग्रेस के महामंत्री राजेन्द्र साहु ने कहा है कि, फैसला राष्ट्रीय और प्रदेश स्तर से की गई हैं। आलाकमान का निर्णय सर्वोपरी हैं।

**कांग्रेस ने की दुर्ग ग्रामीण अध्यक्ष के पद पर राकेश ठाकुर की नियुक्ति**

#### नए सिरे से होगी समीक्षा

पिछले चुनाव में कांग्रेस की छग में बेहद खराब प्रदर्शन रही है। यही कारण हैं कि, जिले में तो नही लेकिन आला कमान ने इसे गंभीरता से लिया हैं और राष्ट्रीय स्तर पर समीक्षा की जा रही हैं। हाल ही में छग के कांग्रेस प्रभारी सचिन पायलट ने संगठनात्मक बदलाव के संकेत दिए थे। खबर है कि ग्रामीण के साथ ही शहर संगठन में भी बदलाव हो सकती है। आगामी दिनों जिलाध्यक्षों से पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी चर्चा करेगें।

#### सोशल मिडिया में इस तरह की नाराजगी

दुर्ग ग्रामीण अध्यक्ष की सूची जारी होने के बाद संगठन के नेता अपनी नाराजगी सोशल मिडिया के जरिए बयांन कर रहे हैं। कांग्रेस नेता और दुर्ग ग्रामीण विधायक के दावेदार रहे जयंत देखमुख का कहना है कि, यह जमीनी नेताओं की तौहिन हैं। उन्होने कहा रायपुर में रहने वाले बाहरी नेता को जिम्मेदारी देने से उर्जावान कार्यकर्ता निराश है। धर्मेश देशमुख ने सोशल मिडिया में लिखा हैं कि, पूर्व में कांग्रेस में रहते हुए टीम बी के रूप में काम किया हैं। इस तरह अलग-अलग नाराजगी सामने आ रही हैं।

**अनियमितता : साल के टैक्स की वसूली में 12 करोड़ रूपए का अंतर**

# निगम के राजस्व वसूली ने खोली स्पैरों के घोटाले की पोल

**स्पैरों कंपनी ने निगम के खजाने को किया खोखला**

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

पिछले सात सालों तक नगरनिगम के खजाने में सेंघ लगाकर स्पैरों कंपनी ने जमकर आर्थिक अनियमितता को अंजाम दिया हैं। पिछले साल साल में स्पैरों कंपनी की वसूली 18 करोड तक रही हैं। लेकिन टैक्स वसूलने की जिम्मेदारी निगम को मिलने पर अब तक तीस करोड रूपए से अधिक की वसूली हो चुकी हैं। इससे स्पष्ट है कि, स्पैरों कंपनी ने शहर से निगम को मिलने वाले खजाने पर जमकर सेंध लगाई और लाखों लाखों नही बल्कि करोडों रूपए का वारा न्यारा किया हैं।

वर्ष 2023 में टैक्स वसूली का अनुबंध समाप्त होने के बाद इस साल 2024 में वसूली नगरनिगम के अधिकारी कर रहे हैं। इस साल अब तक हुए टैक्स वसूली की माने तो 12 करोड रूपए से अधिक का अंतर सामने आया है। राजस्व वसूली के दौरान इस तरह करोडों रूपए के अंतर आने से निगम प्रशासन के अफसरों के भी होश उड गए है। निगम के राजस्व वसूली ने ही स्पैरों कंपनी के घोटाले की पोल खोलकर रख दी है। इससे पहले स्पैरों कंपनी पर कई आर्थिक अनियमितता के आरोप लग चुके हैं।

#### रोज पचास लाख रूपए हो रहे जमा

राजस्व अधिकारी आरके बोरकर ने बताया कि, नगरनिगम को तीस करोड रूपए का टारगेट मिला था। जिसमें अब तक वसूली पूरी हो गई है। इसलिए पांच करोड रूपए 31 मार्च के पहली वसूली का टारगेट रखा गया है। उन्होने बताया कि, रोजाना पचास लाख रूपए राजस्व जमा हो रहा हैं। उन्होने बताया कि, पहली बार निगम के खजाने में इतनी राशि जमा हुई हैं। उन्होने माना कि, कंपनी ने संपत्तिकर के असेंसमेंट और डिमांड जारी करने में लापरवाही बरती थी।




#### सात साल में करोड़ों का निगम को नुकसान

रांची की स्पैरों कंपनी से नगरनिगम द्वारा वर्ष 2017-18 से 2022-23 तक टैक्स वसूलने एग्रीमेंट किया गया था। बहरहाल वर्ष 2023-24 के राजस्व वसूली में 12 करोड रूपए का अंतर आया हैं। इससे अंदाजा लगाया जा सकता है कि, कंपनी ने सात सालों में नगरनिगम को हर साल करोडों रूपए का राजस्व नुकसान पहुंचाया गया हैं। जिसकी लिखित शिकायत भी हुई है। लेकिन निगम प्रशासन ने कंपनी पर पर्दो डालने का काम किया है। जबकि यह सीधे आर्थिक अनियमितता हैं।

#### आप पार्टी ने भी की लिखित शिकायत

स्पैरों कपंनी द्वारा किए गए टैक्स घोटाले की शिकायत आप पार्टी के नेताओं ने भी कई बार लिखित तौर पर एक नही कई बार की है। जिसमें विगत 12 अक्टुबर 2023 को वार्ड तीस में एम सांई एंड कंपनी के संपत्तिकर एसेसमेंट में गडबडी की गई। इसमें वर्ष 2019-20 में निगम ने 2613 वर्गफीट की जमीन पर 60900 रूपए पर्ची कांटे, लेकिन वर्ष 2020-21 से 2022-23 तक सिर्फ 44184 रूपए की पर्ची कांटी गई। दूसरा केश पुलगांव स्थित टोबैको कंपनी की हुई थी। जिसमें भी शिकायत सही पाए जाने पर आज तक कोई कार्यवाही नही की गई। इस तरह आधा दर्जन की शिकायत की गई हैं।

#### इस तरह की भी मिली थी शिकायत

नगरनिगम द्वारा विगत अक्टुबर माह में शिविर लगाया गया था। निगम ने जब टैक्स वसूली किया तो करदाताओं ने कंपनी द्वारा रसीद नही देने की शिकायत की थी। ऐसे में निगम ने शिविर लगाया था। उस शिविर में शिकायत लेने के बजाय कर्मचारियों को निगम में बैठाकर टैक्स का सेंटलमेंट भी किया जा रहा है। इसका फायदा उठाकर कंपनी अपनी गलती सुधार रही थी। विगत 25 अक्टूबर को सामान्य सभा में बाजार विभाग के प्रभारी ऋषभ जैन ने इस मामले को उठाया था।

#### करोड़ों का अंतर

स्पैरों कंपनी और निगम के राजस्व वसूली में करोडों रूपए का अंतर आया हैं। शिकायत मिलने पर कंपनी से राशि वसूली की जा रही हैं। फिर से कंपनी को नोटिस जारी किया गया हैं।
**-आरके बोरकर,** राजस्व अधिकारी दुर्ग

# टैक्स वसूली में खेल, 75 हजार कम की वसूली

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

स्पैरों कंपनी की काली छाया जाने के बाद ऐसी संभावना थी कि निगम में टैक्स वसूली ढर्रे पर आ जाएगा। लेकिन यहां निगम के अधिकारी खजाने में पलीता लगाने से नही बच रहे हैं। वार्ड 25 गायत्री मंदिर में करदाता नेमीचंद नाहर से निर्धारित टैक्स की राशि में 75 हजार रूपए कम कर दिया गया। इसकी जानकारी सामने आने के बाद राजस्व अधिकारी ने फिर से संपत्ति निर्धारण के निर्देश दिए हैं।

- संपति का पुन: गणना किया जाएगा

निगम के अधिकारियों का कहना हैं कि, इसका निर्धारण पूर्व में स्पैरों कंपनी द्वारा किया गया था। जानकारी अनुसार वार्ड 25 गायत्री मंदिर वार्ड, दुर्ग स्थित स्वरूप टॉकिज का सम्पत्ति करारोपण पूर्व में स्पैरो सॉफ्टेक प्रा० लि० द्वारा किया गया था। स्पैरो सॉफ्टेक प्रा० लि० द्वारा इस कार्यालय को प्रदत्त एक्सेल सीट में भूमि 25200 वर्गफुट दर्शाया गया हैं। लेकिन 10188 वर्गफुट भूमि, 10188 वर्गफुट निर्मित भूतल एवं 3050 वर्गफुट निर्मित प्रथम तल पर ही सम्पत्ति कर राशि 1 लाख 15226 रूपये अधिरोपित किया गया हैं, जिसे गलत और त्रुटिपूर्ण पाया गया हैं। जबकि 25200 वर्गफुट भूमि पूरी व्यवसायिक एवं उस पर निर्मित भूतल एवं प्रथम तल क्षेत्रफल की गणना करने पश्चात राशि 1 लाख 90211 रूपये सम्पत्ति कर अधिरोपित होता हैं। गडबडी मिलने के बाद सम्पत्ति कर पुनः निर्धारण किया जाना हैं। करदाता को कहा गया था कि, 12 मार्च 2025 को अपने भवन का समस्त दस्तावेज लेकर उपस्थित रहेंगे। ताकि आपके समक्ष उक्त भवन का फिर से नाप के आधार पर सम्पत्ति कर पुनः निर्धारण किया जा सके।

#### लगातार सामने आ रही गड़बड़ी

वार्ड 26 के मुहर्रिर अनिल कलिहार बताए जा रहे हैं। उनके द्वारा 75 हजार रूपए कम का डिमांड जारी किया गया था। इसकी जानकारी राजस्व अधिकारी आरके बोरकर के समक्ष सामने आने के बाद उन्होने फिर से संपत्ति निर्धारण के निर्देश दिए हैं। उन्होने बताया कि, दुबारा कर निर्धारण करने कहा गया हैं।

### रविवार को भी टैक्स काउंटर खुला रहेगा


**दुर्ग।** सहायक राजस्व अधिकारी के नेतृत्व में राजस्व निरीक्षक वार्डो में वसूली का कार्य कर रहे है। बकाया टैक्स पटाने सैकड़ो की संख्या में रोजाना बकायादार पहुंच रहे हैं निगम के टैक्स काउंटर पर। माना जा रहा है कि, मार्च के आखिरी दिनों तक लक्ष्य की पूर्ति की जा सकेगी। टैक्स वसूली का कार्य शनिवार और रविवार भी टैक्स वसूली का काम चालू रहेगा।

# जेसीबी से वार्ड 21 का हटाया गया अतिक्रमण, शिकायत पर कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

वार्ड क्रमांक 21 सिंधिया नगर, हनुमान नगर से लेकर अन्य जगहों पर तक 30 फुट की सड़क अतिक्रमण के कारण आधी रह गई थी। किसी ने सड़क पर दुकान रख ली थी तो किसी ने चबूतरा या सीढ़ियां व नाली के ऊपर गार्डन बना लीं थीं। जिससे आवागमन में लोगों को समस्या का सामना करना पड़ता था। इस संबंध में नागरिकों ने महापौर श्रीमती अलका बाघमार एवं निगम के अधिकारियों को सूचित किया। मामला संज्ञान में आने के बाद नगर निगम के अतिक्रमण दस्ते ने वार्ड क्रमांक 21 से अभियान चलाकर करीब 40-45 से अधिक अस्थायी निर्माणों को ध्वस्त किया। लोगो ने नगर निगम के अधिकारियों को पूर्व में सिंधिया नगर, हनुमान नगर सहित क्षेत्र से लेकर अन्य जगहों तक नालियों पर स्थायी निर्माण कर लिए जाने की शिकायत की थी। शिकायत पर नगर निगम के अधिकारियों ने जांच कराई तो शिकायत सही पाई गई। इस पर नगर निगम ने अतिक्रमण को हटाने लिए अमला पहुंची।

- 30 फीट की सड़क रह गई थी 15 फीट की



निगम के जेसीबी ने लोगों द्वारा अपने घरों एवं दुकानों के सामने बनाए गए चबूतरा, गार्डन, तार फेंसिंग, चबूतरा एवं दुकान आदि हटाए। पूर्व पार्षद अरुण सिंह द्वारा नगर निगम प्रशासन से उल्लेखित स्थल से अतिक्रमण हटाए जाने की मांग काफी पहले ही की गई थी।

पूर्व पार्षद अरुण सिंह द्वारा नगर निगम प्रशासन को अवगत कराया गया था कि लोगों के द्वारा नालियों के ऊपर बनाए गए स्थायी निर्माण की वजह सेए नालियों की सफाई भी नहीं हो पाती है। अपने मकान सीमा के आगे ज्यादा घेरे है उस पर कार्यवाही होना तय है। इसके लिए कलेक्टर अभिजीत सिंह, महापौर अलका बाघमार एवं आयुक्त सुमित अग्रवाल ने साफ़ निर्देश दिया है कि सड़क सीमा पर अतिक्रमण पर कोताही बर्दाश्त नहीं होगी। सड़क चौड़ीकरण होंगे। कार्रवाही के दौरान बाधा डालने वालों पर कानूनी कार्रवाही की जाएगी।

### पंजीयन शिविर 31 तक

**दुर्ग।** बेरोजगार युवाओं में कौशल को बढ़ावा देने का अवसर प्रदान करने के लिए केन्द्र सरकार द्वारा प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना प्रारंभ की गई है। यह जानकारी देते हुए पॉलीटेक्निक दुर्ग के प्राचार्य एवं प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना दुर्ग जोन के नोडल अधिकारी प्रकाश कुमार पाण्डेय, ने बताया कि दुर्ग जिले के युवाओं के लिए योजना अंतर्गत पंजीयन, आवेदन के लिए उदय प्रसाद उदय शासकीय पॉलीटेक्निक में 11 से 31 मार्च तक दोपहर 12 बजे से शाम 5 तक शिविर का आयोजन किया जा रहा। अभ्यार्थी इस शिविर में उपस्थित होकर आवेदन हेतु निःशुल्क पंजीयन करा सकते हैं। योजना के अंतर्गत 10वीं, 12वीं, आई.टी.आई. डिप्लोमा, स्नातक उत्तीर्ण विद्यार्थी जो नियमित शिक्षा या उच्च शिक्षा में पंजीकृत न हो। आवेदक हेतु यह अनिवार्य है कि वह किसी शासकीय सेवा में न हो, आवेदक के परिवार में कोई सदस्य शासकीय सेवा में न हो, परिवार के किसी सदस्य की वार्षिक आय 08 लाख से अधिक न हो।

# ट्रेंचिंग ग्राउंड में ट्रामेल मशीन स्थापित वैज्ञानिक पद्धति से होगा कचरे का निपटान

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

नगर पालिक निगम सीमा क्षेत्र अंतर्गत पोटिया स्थित टेंचिंग ग्राउण्ड में 80 प्रतिशत कचरो का निष्पादन किया जा चुका है। निष्पादित क्षेत्र में नगर निगम दुर्ग द्वारा वृहद वृक्षारोपण किया गया है, जो कि आने वाले वर्षो में ऑक्सीजोन के रूप में विकसित होगा। ट्रेंचिंग ग्राउंड स्थित शेष कचरों के निष्पादन की कार्ययोजना नगर निगम द्वारा तैयार की गई है। जिसके तहत लगभग 1.50 करोड़ रूपये की लागत से ट्रेंचिंग ग्राउंड के कोने पर ट्रॉमेल मशीन स्थापित कर वैज्ञानिक पद्धति से कचरे का निष्पादन किया जाना प्रस्तावित है।

- कलेक्टर-आयुक्त ने ननि की तैयारियों का किया निरीक्षण

नगर निगम दुर्ग ने उक्त कार्य हेतु मे. नेकॉफ इंडिया लिमिटेड भोपाल एजेंसी को कार्यादेश जारी कर कार्य प्रारंभ करा दिया गया है। उक्त एजेंसी को वर्षाऋतु से पूर्व कार्य पूर्ण करने हेतु निरीक्षण के दौरान कलेक्टर अभिजीत सिंह द्वारा आदेशित किया गया है। कार्यादेशानुसार ट्रेंचिंग ग्राउंड में रखे गये कचरे को वैज्ञानिक पद्धति से निष्पादन के पश्चात शहर से उत्पादित कचरों का भी 100 प्रतिशत निष्पादन तत्काल किया जाना संभव हो जायेगा। उक्त यूनिट के लगने से कचरों का निष्पादन नियमित रूप से होगा तथा आस-पास के रहवासियों को वायु प्रदूषण से मुक्ति मिलेगी।



महापौर श्रीमती अलका बाघमार ने शहर वासियों से अपील की है, कि नगर निगम वायु प्रदूषण मुक्त कचरे का निष्पादन किये जाने हेतु प्रतिबद्ध है। इस मौके पर आयुक्त सुमित अग्रवाल एवं संबंधित अफसर कार्यपालन अभियंता दिनेश नेताम,वीपी मिश्रा,गिरीश दिवान, संजय ठाकुर, राजेंद्र ढाबाले, धर्मेंद्र मिश्रा,करण यादव,पंकज साहू, विकास दमाहे, सोएब अहमद परमेश्वर, पीआईयू कुणाल,राहुल सहित अन्य अधिकारी, कर्मचारी मौजूद रहें।

**कार्यक्रम में सांसद विजय बघेल हुए शामिल, जागरुकता का दिया संदेश**

# विश्व जल दिवस के अवसर पर घुघवा में आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

हर साल 22 मार्च को विश्व जल दिवस मनाया जाता है। इसका उद्देश्य लोगों को जल संरक्षण और स्वच्छ पानी के महत्व के प्रति जागरूक करना है। जल हमारे जीवन के लिए अनिवार्य है, लेकिन दुनिया के कई हिस्सों में इसकी भारी कमी है। बढ़ती जनसंख्या, जल प्रदूषण और जलवायु परिवर्तन के कारण स्वच्छ पेयजल की समस्या बढ़ती जा रही है।

- विश्व जल दिवस पर किया गया जागरुक

संयुक्त राष्ट्र ने 1993 में इस दिवस की शुरुआत की थी। हर साल इसे एक नई थीम के साथ मनाया जाता है, जो जल से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर ध्यान केंद्रित करती है। इस अवसर पर वाटर एड एवम ग्राम पंचायत घुघवा(क) के संयुक्त तत्वधान में जिला स्तरीय विश्व जल दिवस मनाया गया। वाटर एड द्वारा लगातार गांव गांव में जल संरक्षण के प्रति जागरूकता फैलाने के लिए कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। जनपद अध्यक्ष कीर्ति नायक, जनपद उपाध्याय कमलेश वर्मा, सांसद प्रतिनिधि राजेश चंद्राकर, राजा पाठक, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत पाटन मुख्य कार्यपालन अधिकारी जागेन्द्र साहू, अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी स्वेता यादव, कार्यक्रम अधिकारी डालिमलता नाग, सहायक परियोजना अधिकारी अरदीप डीडी जिला पंचायत जनपद सदस्य प्रणव शर्मा, सरपंच शैलेन्द्री साहू, वाटर एड से जिला समन्वयक सौरभ कुमार, जनपद सदस्य चंद्रिका चित्रसेन देवदास, सरपंच महकाखुर्द अर्चना यादव, आदि उपस्थित थे।



#### सांसद ने कहा मुहिम मजबूती प्रदान करेगी

सांसद विजय बघेल द्वारा हर गांव में जल संरक्षण कार्यों को बढ़ावा देने की बात, सरकार की ₹हर घर स्वच्छ जल₹ मुहिम को और मजबूती प्रदान करेगी। मनरेगा के तहत जल संरक्षण के लिए किए जा रहे कार्य भी दीर्घकालिक प्रभाव डाल सकते हैं। अगर इस तरह के प्रयास लगातार जारी रहे और आमजन भी इसमें सक्रिय भागीदारी करें, तो जल संकट की समस्या काफी हद तक कम की जा सकती है। ₹जल है तो कल है। इस संदेश को हर घर तक पहुंचाना जरूरी है।

#### इस तरह कर सकते हैं प्रयास

कार्यक्रम में बताया गया कि, जल संरक्षण के लिए सोंकता गड्ढा, रैन वाटर हार्वेस्टिंग, मैजिक पिट का निर्माण कराया जा रहा है। हम सभी को जल बचाने के लिए प्रयास करना चाहिए। रोजमर्रा की जिंदगी में छोटी-छोटी आदतें अपनाकर हम पानी की बर्बादी को रोक सकते हैं, जैसे नल को खुला न छोड़ना, वर्षा जल संचयन करना और जल स्रोतों को प्रदूषण से बचाना। यह बहुत ही सराहनीय पहल है! जल संरक्षण आज की सबसे बड़ी जरूरतों में से एक है, और ऐसे कार्यक्रम जागरूकता बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। वाटर एड इंडिया और स्थानीय प्रशासन द्वारा किए जा रहे प्रयास, जैसे सोंकता गड्ढा, रेन वाटर हार्वेस्टिंग और मैजिक पिट, ग्रामीण क्षेत्रों में जल संरक्षण को बढ़ावा देने में मदद करेंगे।

# डोमशेड का तेजी से हो रहा निर्माण कार्य

**दुर्ग।** विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न स्थानों पर स्वीकृत विकास कार्य प्रारंभ हो गया है। चुनावी आचार संहिता के बाद अब विकास कार्य में तेजी आने लगी है। शहर विधायक गजेन्द्र यादव ने वार्डवासियों की मांग पर विधानसभा क्षेत्र में डोमशेड की स्वीकृति दिलाये थे। जिसका निर्माण शुरू हो चुका है, कुछ महीनों में ही कार्य पूर्ण हो जायेगा। वार्ड 21 भगत सिंह स्कूल के सामने मैदान, वार्ड 59 साकेत कॉलोनी में 10 लाख से डोम शेड निर्माण, वार्ड आदित्य नगर में 10 लाख से डोम शेड निर्माण, वार्ड 18 मानस वाटिका के पास 10 लाख से डोम शेड निर्माण सहित विभिन्न स्थान पर डोमशेड लगेगा। शहर के 8 मुक्तिधामों का जीर्णोद्धार किया जा रहा है। एक साथ दुर्ग विधानसभा क्षेत्र के 8 मुक्तिधाम परिसर पर होने वाले कार्य के लिए विधायक गजेन्द्र यादव के पहल पर शासन से राशि स्वीकृत हुई थी, जिसका निर्माण तीव्र गति से चल रहा है। शासन से 2.5 करोड़ की स्वीकृति से वार्ड 15 करहीडीह, वार्ड 17 कादम्बरी नगर, वार्ड विद्युत सब स्टेशन के सामने, वार्ड 56 बघेरा, वार्ड 57 उरला, वार्ड 60 रायपुर नाका, वार्ड 11 हरनाबाँधा एवं वार्ड 50 बोरसीभाठा के मुक्तिधाम शामिल है। मुक्तिधाम में बाउंड्रीवॉल, बारिश के सीजन में किचड़ बचने पेवर ब्लॉक, शवदाह गृह शेड रिपेयरिंग, सहित अन्य निर्माण कार्य होंगे।

- विभिन्न स्थानों पर स्वीकृत कार्य शुरु

## खबर संक्षेप



**भिलाई।** होटेल इम्पीरियन भिलाई में यूपी-बिहार के मिलन समारोह के दौरान मुख्यमंत्री विष्णु देव साय और रायपुर विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष एवं भाजपा के प्रवक्ता संदीप श्रीवास्तव का चौहान ग्रुप के अजय चौहान ने स्वागत अभिनंदन किया।

### सीएमएम में सुरक्षा जागरूकता सप्ताह



**भिलाई।** भिलाई इस्पात संयंत्र के सीएमएम विभाग में सुरक्षा जागरूकता सप्ताह का संपन्न हुआ। समापन कार्यक्रम मुख्य महाप्रबंधक डी सतपथी के मुख्य आतिथ्य में सम्पन्न हुआ।

श्री सत्पथी ने सुरक्षित व स्वस्थ वातावरण को बनाए रखने में सामूहिक जिम्मेदारी के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने ठेका श्रमिकों से संयंत्र में सुरक्षा संबंधित पूर्ण जानकारी प्राप्त करने हेतु उचित प्रशिक्षण और मार्गदर्शन सुनिश्चित करने का आग्रह किया। महाप्रबंधक प्रभारी श्री एस बलराज ने सुरक्षा प्रथम विषय पर अपने विचार साझा किए और दुर्घटना रहित कार्य वातावरण बनाने हेतु शपथ लेने का आग्रह किया। जेपी नायर की टीम द्वारा सुरक्षा नाटक की प्रस्तुति दी गई व सुरक्षा संबंधित विभिन्न प्रतियोगिता के विजेताओं को मुख्य अतिथि द्वारा पुरस्कृत किया गया।

### सड़क निर्माण कार्य का भूमिपूजन

**भिलाई।** बीएसपी राजहरा लौह अयस्क खदान के निगमित सामाजिक उत्तरदायित्व (सीएसआर) विभाग के सहयोग से वन विभाग द्वारा डब्ल्यूबीएम (वाटर बाउंड मैकाडम) सड़क निर्माण कार्य के लिए ग्राम कलवर में भूमि पूजन किया गया। यह अधोसंरचना परियोजना दल्ली राजहरा लौह अयस्क समूह व कलवर लौह अयस्क खदान के वित्तीय सहयोग से प्रारंभ की गई है। प्रस्तावित सड़क ग्राम कलवर की सीमा से प्रारंभ होकर कलवर माइंस के समीप पल्लमंडी मैदान तक बनाई जाएगी, जिसकी कुल लंबाई 2.50 किलोमीटर होगी। वनमंडलाधिकारी डीपी साहू, अनुविभागीय अधिकारी आईपी गेंद्रे, महाप्रबंधक अरुण कुमार, उप महाप्रबंधक प्रवीण कुमार राय, वरिष्ठ प्रबंधक पीके माझगईया आदि उपस्थित थे।

### कमकासुर में निःशुल्क चिकित्सा शिविर

**भिलाई।** सेल–बीएसपी के निगमित सामाजिक उत्तरदायित्व विभाग द्वारा डुल्की माइन्स के समीप कमकासुर में निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 50 लोगों की जांच करके उनको दवाई का वितरण किया गया। ग्रामीणों की सामान्य जांच के अतिरिक्त शुगर, बीपी की निःशुल्क दवाएं भी प्रदान की गई।

### इमलीपारा में 7 दिनी खेलकूद प्रतियोगिता शुरु

**भिलाई।** बीएसपी के नियमित सामाजिक उत्तरदायित्व गतिविधियों के तहत महामाया लौह अयस्क खदान से सम्बद्ध गांव इमलीपारा 7 दिवसीय ग्रामीण खेलकूद कार्यक्रम जीएम शिवरासन के मुख्य आतिथ्य में शुरु हुआ। जीएमअरुण कुमार, डीजीएम शिवेश कुमार, मनीष जायसवाल,प्रवीण कुमार रॉय, वरिष्ठ प्रबंधक सुशील कामड़े एवं वरिष्ठ प्रबंधक (आईओसी–राजहरा) सुशील कुमार, कुमुड़कट्टा के सरपंच डोमेन्द्र कोर्राम, महामाया खेल समिति के अध्यक्ष सोहित मांडवी तथा कमलकांत नेताम उपस्थित थे। मुख्य अतिथि ने खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाया। उद्घाटन समारोह के अवसर पर बालिका कबड्डी एवं क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। 7 दिवसीय आयोजन के तहत कबड्डी, खो खो, क्रिकेट तथा रस्साकसी प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा।

---

### बिहार-तिहार स्नेह मिलन कार्यक्रम में शामिल हुए मुख्यमंत्री साय

# छत्तीसगढ़ के विकास में बिहार के लोगों का भी महत्वपूर्ण योगदान

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

जिला भाजपा दुर्ग और भाजपा भिलाई द्वारा इम्पीरियन होटल में शनिवार को बिहार तिहार मिलन समारोह आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि बिहार प्रदेश के पथ निर्माण मंत्री भाजपा के छग प्रभारी नितीन नवीन थे। कार्यक्रम में यहां निवासरत बिहार के लोगों सहित बड़ी तादाद में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे। दोनों नेताओं ने वर्ष 2025 क बिहार के लिए अहम बताते हुए सभी को बिहार स्थापना दिवस की बधाई दी। श्री साय ने कहा है कि बिहार और छत्तीसगढ़ की संस्कृति बहुत कुछ मिलती जुलती है। पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी ने झारखण्ड, छत्तीसगढ़ और उत्तराखण्ड राज्य को बनाया। मेरी माता भी अविभाजित बिहार की थी। मुख्यमंत्री ने कहा कि बिहार का छठ पर्व बिहार छत्तीसगढ़ का भी प्रमुख त्योहार हो गया है। नालंदा विश्वविद्यालय, जिसके कारण हमारा देश विश्व गुरू कहलाया, ऐसा विश्वविद्यालय देने वाला भी बिहार है। महान गणितज्ञ, शून्य के अविष्कारक आर्य भट्ट भी बिहार से थे । छग के योगदान में यहां निवासरत बिहार के लोगों का भी महती योगदान है। सीएम ने भिलाई के बैंकुठधाम में सूर्यकुंड घाट बनाने के लिए विधायक रिकेश सेन की प्रशंसा की। सीएम ने कहा कि पीएम मोदी की गारंटी पर छत्तीसगढ़ की जनता ने विश्वास किया है। प्रदेश सरकार का पूर्ण प्रयास है कि मोदी की गारंटी में किए गए वादे को पूरा कर जनता के विश्वास में खरा उतरे। सरकार ने अधिकांश वादों को पूरा किया है। चाहे वह प्रधानमंत्री आवास योजना हो, किसानों को धान की कीमत देने की बात हो या 2 साल का बकाया बोनस देने की बात हो। महतारी वंदन की राशि भी दे रहे हैं। 5 लाख से ज्यादा भूमिहीन कृषकों को 10 हजार रूपए देने का काम कर रहे हैं। रामलला दर्शन योजना अंतर्गत अब तक 20 लाख से ज्यादा श्रद्धालु अयोध्या जाकर रामलला के दर्शन करके आ चुके हैं। श्री साय ने कहा कि प्रदेश और देश के विकास में आगे भी सभी से सहयोग की अपेक्षा है। मोदी की एक भारत-श्रेष्ठ भारत की परिकल्पना को सभी के सहयोग से साकार करना है। इस अवसर पर सीएम ने सर्वसमाज प्रमुखों को साल एवं श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया।

### बैकुंठधाम में सूर्यकुंड निर्माण के लिए सीएम ने दी विधायक रिकेश को बधाई




### बिहार को नई दिशा मिल रही: नितिन



बिहार प्रदेश के पथ निर्माण मंत्री नितिन नवीन ने कहा कि बिहार ने पिछले कुछ वर्षों में शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़कों और बुनियादी ढ़ाचे में महत्वपूर्ण सुधार किये है। इन सुधारों से बिहार को एक नई दिशा मिल रही है और इसे समृद्ध बनाने में राज्य सरकार का यह प्रयास निरंतर जारी रहेगा। पूर्व में प्रदेश भाजपा महामंत्री व कार्यक्रम संयोजक संजय श्रीवास्तव ने बिहार दिवस की प्रस्तावना प्रस्तुत की। मंच पर पूर्व केबिनेट मंत्री प्रेमप्रकाश पाण्डेय, विधायक रिकेश सेन, पूर्व विधायक दयाराम साहू, जिला पंचायत की अध्यक्ष सरस्वती बंजारे, दुर्ग की महापौर अलका बाघमार, बिहार प्रभारी आशुतोष सिंह, प्रेमलाल साहू,संजय श्रीवास्तव, जिला पंचायत अध्यक्ष सरस्वती बंजारे, जिला भाजपाध्यक्ष सुरेन्द्र कौशिक, पूर्व जिला भाजपा भिलाई के अध्यक्ष पुरुषोत्तम देवांगन सहित मंत्री रमशीला साहू, पूर्व विधायक लाभचंद बाफना, सांवलाराम डाहरे, पूर्व मेयर चंद्रिका चंद्राकर, पार्षद दया सिंह, आदि मंच पर उपस्थित थे। इस अवसर पर वरिष्ठ भाजपा नेता शंकरलाल देवांगन, बृजेश बिजपुरिया, योगेंद्र सिंह, दुर्ग निगम के सभापति श्याम शर्मा, पार्षद पीयूष मिश्रा, अनिल मिश्रा अन्नू, बुधन सिंह ठाकुर, डां. राधेश्याम वर्माचन्ना केशवलू, आदि मौजूद थे।

### छग क्रांति सेना ने बिहार दिवस का किया विरोध

छत्तीसगढ़ क्रांति सेना द्वारा पीएम मोदी के आह्वान पर भिलाई में जिला भाजपा दुर्ग व भिलाई भाजपा के तत्वावधान में शनिवार कोआयोजित बिहार दिवस का विरोध किया गया। इस संगठन के कार्यकर्ताओं ने नेहरु नगर चौक पर विरोध प्रदर्शन कर खिलाफ में पुतला फूंका। कार्यकर्ताओं ने जारी बयान में कहा कि सीएम को अपने छत्तीसगढ़ राज्य की संस्कृति की सुध नहीं है और बाहरी राज्य बिहार का स्थापना दिवस मना रहे हैं। क्रांति सेना ने भाजपा के आयोजन को राजनीतक आयोजन बताते हुए छत्तीसगढ़ के लोगों को वोट बैंक की राजनीति से दूर रहने की अपील की।





---

## सेवामुक्त किए गए बीएड सहायक शिक्षकों की मुख्यमंत्री से गुहार



हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

- साल भर से भटक रहे 2897 सेवामुक्त बीएड सहायक शिक्षक
- कार्रवाई एक माह के भीतर करने की मांग

सीधी भर्ती 2023 मे बीएड प्रशिक्षित सहायक शिक्षकों के समायोजन की मांग प्रभावितों ने की है। बिहार दिवस कार्यक्रम में भिलाई पहुंचे सीएम विष्णुदेव साय को हटाए गए सहायक शिक्षकों ने ज्ञापन सौंपकर समायोजन की गुहार की। सीएम ने उन्हें आश्वासन दिया है।

ज्ञापन में बताया कि हम सभी 2897 बीएड प्रशिक्षित सहायक शिक्षक के पद पर शासकीय सेवा में चयनित और कार्यरत थे। हाई कोर्ट की याचिका और अवमानना प्रकरण के परिपालन में स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा 30 दिसंबर 2024 से हमारी सेवा समाप्त कर दी गई है। विभाग द्वारा प्रचलित कार्यवाही बाद बीएड अर्हताधारी सहायक शिक्षकों के भविष्य को देखते हुए प्रभावित अभ्यर्थी विभाग के अन्य पदों पर अपने समायोजन किया जाए। सीएम से मांग की गई कि सहायक शिक्षक के रुप में चयनित बीएड उत्तीर्ण अभ्यर्थी में से जो 12 वीं विज्ञान/ गणित संकाय में पास हैं उन्हें हाई स्कूल/हायर सेकंडरी शालाओं में सहायक शिक्षक ( प्रयोगशाला) के पद पर समायोजित किया जाए। क्योंकि सहायक शिक्षक विज्ञान प्रयोगशाला का पद व सहायक शिक्षका का पद समान वेतनमान का समकक्ष पद है और इस पद पर नियुक्ति की न्यूनतम अर्हता हायर सेकंडरी गणित/विज्ञान संकाय उत्तीर्ण है। विभाग की कार्यवाही से प्रभावित होने वाले सहायक शिक्षक गणित /विज्ञान संकाय से उत्तीर्ण हैं। इसके अलावा ऐसे सहायक शिक्षक, जो कला/वाणिज्य संकाय से 12वीं उत्तीर्ण हैं, उन्हें सशर्त सहायक शिक्षक विज्ञान प्रयोगशाला के पद पर हाई स्कूल/हायर सेकंडरी स्कूल में प्राविधिक रुप से समायोजित किया जा सकता है। समायोजित होने वाले अभ्यर्थी उनके समायोजन तारीख से 3 वर्ष के भीतर 12 वीं विज्ञान/ गणित संकाय से परीक्षा उत्तीर्ण कर विभाग के सामने प्रस्तुत करेंगे। इस प्रकार उपबंध किया जा सकता है।

### भविष्य का ध्यान रखते हुए करें इंसाफ

हटाए गए सहायक शिक्षकों को सीएम से मांग की कि कला वाणिज्य /संकाय के अभ्यर्थियों एससीईआरटी द्वारा प्रयोगशाला कार्य के संबंध में 2 माह का विशेष प्रशिक्षण देकर पदस्थापना की जाए। इन पदों पर नियुक्ति के लिए शाला आवंटन शिक्षक भर्ती परीक्षा2023 की मेरिट लिस्ट के अनुसार काउंसिलिंग के आधार पर की जाए। पूर्व में भी इस मामले में आवेदन 7 जनवरी, 28 जनवरी व 27 फरवरी को समिति के सामने पेश किया जा चुका है । इस संबंध में समिति द्वारा अब तक सूचना प्रदान नही की गई है। सेवामुक्त किए गए सहायक शिक्षकों ने गुहार की है कि अंतरविभागीय समिति की कार्यवाही उचित सीमा के भीतर तथा अधिमानतह एक माह में पूर्ण कर निष्कर्ष प्रस्तुत कराएं।

---

## बीएसपी डीजीएम के मकान में लगी आग, बुजुर्ग की जलने से मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

- आगजनी का कारण अज्ञात, जांच में जुटी पुलिस

बीएसपी डीजीएम के मकान में आगजनी के घटने से एक वृद्ध की जिंदा जलने से मौत होने का मामला सामने आया है। शिकायत पर पुलिस जांच में जुटी हुई है। भिलाई नगर पुलिस ने बताया कि सड़क 3 क्वाटर 3 बी सेक्टर 9 निवासी डीजीएम अनिमेश तिवारी के मकान में शुक्रवार को रात अचानक आग लग गई। आगजनी में डीजीएम के पिता उमेश नारायण 92 वर्ष के सोते समय जिंदा जल गए। जिससे उसकी मौत हो गई। वृद्ध एक दिन पहले ही अस्पताल से छुट्टी होकर घर पहुंचे थे। आगजनी की जानकारी लगने पर डीजीएम ने रात करीब 2.25 मिनट पर अग्निशमन विभाग को फोन कर बंगले में आगजनी की सूचना दी। मौके पर दमकल की टीम तुरंत पहुंची। केवल उसी कमरे में आग लगी थी जहां वृद्ध उमेश नारायण सोए हुए थे। जानकारी के मुताबिक डीजीएम अनिमेश तिवारी अपने मकान में अपनी पत्नी, बेटी और बीमार पिता के साथ रहते हैं। शुक्रवार को अनिमेश और उनकी पत्नी-बेटी पीछे के कमरे में सोए थे। उनके पिता को सामने के कमरे में सुलाया गया था। बंगले के पीछे रहने वाली उनकी नौकरानी ने उन्हें आग लगने की जानकारी डीजीएम को दी थी।



### ग्रिल तोड़कर परिवार के पास पहुंची टीम

जानकारी के मुताबिक आग की सूचना पर डायल 112 की टीम ने ग्रिल तोड़कर अनिमेश और उनके परिवार को पीछे के कमरे से बाहर निकाला। जब तक सामने कमरे की आग बुझाई गई, तब तक कमरे के सभी सामान खाक हो गए थे। वृद्ध का शव भी जलने से बिस्तर में चिपक गया। दमकल कर्मियों ने शव को एक चादर में लपेटकर बाहर निकाला। पीएम के लिए सेक्टर-9 अस्पताल भेजा गया। आगजनी का कारणों का खुलासा नहीं हो पाया है।पुलिस जांच के बाद भी स्पष्ट कारण सामने आ पाएगा।

### मामले की जांच जारी

डीजीएम के घर पर आगजनी की घटना में उनके पिता की मौत हुई है। आगजनी के वजह की जांच हो रही है। सभी पहलुओं पर गहन विवेचना जारी है।

**-प्रशांत मिश्रा,** टीआई भिलाई नगर

### ईडी ने किया ओए की डायरी का अनावरण

**भिलाई।** बीएसपी अधिकारियों को डायरी की सुविधा प्रदान करने के लिए आफिसर्स एसोसिएशन, भिलाई इस्पात संयंत्र द्वारा डायरी का प्रकाशन किया गया। ओए-बीएसपी ने लगभग 2700 से अधिक डायरी का मुद्रण किया गया है। इसका अनावरण प्रगति भवन के में आयोजित समारोह में बीएसपी के कार्यपालक निदेशक पवन कुमार, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डां. विनिता द्विवेदी और सेफी चेयरमेन व बीएसपी-ओए अध्यक्ष नरेन्द्र कुमार बंछोर द्वारा किया गया। कार्यपालक निदेशक पवन कुमार ने इसकी सराहना की। इस अवसर पर महासचिव परविन्दर सिंह, कोषाध्यक्ष अंकुर मिश्रा, उपाध्यक्ष तुषार सिंह अखिलेश मिश्रा, संजय तिवारी, जे पी शर्मा उपस्थित थे।

## श्रम कानून संशोधन स्वागतेय, इंडस्ट्रीज भयमुक्त होकर काम कर सकेंगे: झा

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई



छत्तीसगढ़ विधानसभा में बजट सत्र के अंतिम दिन शुक्रवार को लाए गए ₹श्रम कानून संशोधन₹ के पारित होने पर एमएसएमई जिला उद्योग संघ के अध्यक्ष के.के. झा ने हर्ष जताया है। शासन के इस कदम का स्वागत करते हुए उन्होंने कहा है कि इससे इंडस्ट्रीज भयमुक्त होकर काम कर सकेंगे। साथ ही श्रमिक और उद्योग दोनों ही खुशहाल होंगे। ज्ञातव्य है कि बजट सत्र में पारित श्रम कानून संशोधन के तहत प्रदेश में अब उद्योगों में होने वाली छोटी-मोटी अनियमितता या घटना पर उद्योगपतियों को कोई सजा नहीं होगी, उन पर केवल जुर्माना लगाया जाएगा। इस संशोधन के तहत उद्योगों में रोजगार बढ़ाने के लिए भी कई बदलाव किए जाएंगे। झा ने कहा कि एमएसएमई उद्योग कैसे आगे बढ़े और उनके सामने जो बाधाएं आ रही हैं शासन ने उन्हें महसूस किया है। इन बाधाओं को कैसे दूर किया जाए इसे लेकर शासन द्वारा लगातार कोई न कोई उपाय किए जा रहे हैं। इसी के तहत विधानसभा के बजट सत्र में जो यह श्रम कानून संशोधन पारित किया गया उससे उद्योग जगत में हर्ष है। झा ने कहा कि इस संशोधन से इंडस्ट्रीज अब भयमुक्त होकर काम कर सकेंगे। इंडस्ट्रीज कभी भी श्रमिकों के खिलाफ काम नहीं करती लेकिन ऐसा माहौल बना दिया जाता है जिससे भय रहता है।इंडस्ट्रीज भयमुक्त होकर काम करें या फिर काम करवाए, इसे शासन ने गंभीरता से लिया है। सभी तथ्यों का सर्वे करके शासन ने यह संशोधन लाया है। इससे श्रमिक और उद्योग दोनों ही खुशहाल रहेंगे। झा ने शासन से यह मांग भी की कि जहां-जहां ईएसआईसी हॉस्पिटल है वहां पर इलाज की सुविधाएं और बढ़ाई जाएं।

### सेल-एमटीआई और एसएचआरएम के बीच समझौता

**भिलाई।** स्टील अथरिटी अफ इंडिया लिमिटेड (सेल) के मानव संसाधन विकास संस्थान (एमटीआई) और सोसाइटी फार ह्यूमन रिसोर्स मैनेजमेंट के बीच शैक्षणिक सहयोग के लिए सेल के कारर्पोरेट कार्यालय, नई दिल्ली में सेल के निदेशक केके सिंह की उपस्थिति में समझौता पर हस्ताक्षर किया गया। समझौता ज्ञापन पर एमटीआई की ओर से कार्यकारी कार्यपालक निदेशक संजय धर तथा सीईओ (एसएचआरएम इंडिया आचल खन्ना ने हस्ताक्षर किया। सेल के ईडी बीएस पोपली, सीजीएम कर्पोरेट कार्यालय/सेल मानस रथ एवं एसएचआरएम इंडिया, एपीएसी और मेना भी उपस्थित थे। इस समझौता ज्ञापन के अंतर्गत सेल और एसएचआरएम के बीच नेतृत्व विकास के लिए 'जनएँ बेस्ड प्रोग्राम्स' के माध्यम से सहयोग किया जाएगा।

### बीएसपी के सेवानिवृत्त कर्मचारियों का हुआ सम्मान कर्मियों ने संयंत्र में गुजारे अपने समय को किया याद

**भिलाई।** बीएसपी एम्पलाइज को ऑपरेटिव एंड वेलफेयर सोसाइटी लिमिटेड सेक्टर-4 ने सेवानिवृत्त कर्मचारियों के लिए सम्मान समारोह का आयोजन किया। फरवरी में भिलाई स्टील प्लांट की सेवा से निवृत्त हुए अपने सदस्य कर्मियों को ससम्मान विदाई दी। इस दौरान रिटायर कर्मियों ने सम्मान के लिए आभार जताया। अपने सेवाकाल से जुड़ी यादें साझा करते हुए सोसाइटी से जुड़े रहने की इच्छा जताई। सोसाइटी के अध्यक्ष पूरन देवांगन ने रिटायर कर्मियों को सम्मान पत्र, मिठाई, श्रीफल व अंतिम भुगतान का चेक प्रदान कर उन्हें भविष्य की शुभकामनाएं दी। अध्यक्ष पूरन देवांगन ने कहा वरिष्ठ साथियों का मार्गदर्शन हमारी सोसाइटी के लिए हमेशा हितकारी होगा।

---

### कांग्रेस के तीन व एमआईसी के दो पार्षदों ने बदला पाला

# रिसाली निगम में भाजपा और कांग्रेस 20-20



हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

रिसाली निगम में शनिवार को बड़ा राजनैतिक घटनाक्रम हुआ। कांग्रेस के तीन पार्षद और एमआईसी में शामिल दो निर्दलीय पार्षदों ने भाजपा का दामन थाम लिया। पांच पार्षदों के भाजपा में शामिल होने के बाद कुल 40 पार्षदों में भाजपा और कांग्रेस की स्थिति 20-20 हो गई है। मौजूदाहालात के बाद यहां अविश्वास प्रस्ताव लाने की भी चर्चा जोरों पर है। इसलिए कि एमआईसी से बाहर किए हुए कांग्रेस पार्षद भी इस खेल में शामिल हो सकते हैं।

### एक्सपर्ट व्यू



रिसाली निगम में चुनाव पुराने नियम के हिसाब से महापौर चुनी गई है। चूंकि पार्षदों ने महापौर चुना है इसलिए अविश्वास प्रस्ताव लाकर पार्षद उन्हे पद से हटा सकते हैं। जब चुनाव होंगे तो वर्तमान में राज्य सरकार ने महापौर पद के लिए सीधे वोटिंग का नियम बनाया है वह लागू हो जाएगा। अभी नहीं।

- राजेन्द्र अरोरा पूर्व सभापति भिलाई निगम

### हर पार्षद को संतुष्ट करने की कोशिश



मेरी कोशिश रही है कि हर पार्षद संतुष्ट रहे। उस हिसाब से मैनें वार्डों में विकास कार्य के लिए फंड जारी किए हैं। भाजपा की सरकार आने के बाद फंड की दिक्कत है। जो लोग पार्टी छोड़कर गए हैं वे ही बता सकते हैं कि क्या वजह है।अविश्वास प्रस्ताव विपक्ष का मुद्दा है। मैं अपने आलाकमान के आदेश का पालन करूंगी।

**- शशि सिन्हा,** महापौर रिसाली निगम

### भाजपा की रीति-नीति का प्रभाव



प्रदेश की भाजपा सरकार के कार्यों व मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के सुशासन में सभी वर्ग के कल्याण व विकास के लिए कार्य हो रहे हैं। जिसकी वजह से लोग लगातार भाजपा से जुड़ रहे हैं। रिसाली निगम के पार्षद व एमआईसी सदस्यों ने भाजपा प्रवेश किया उनका स्वागत और अभिनंदन है।

**- ललित चंद्राकर,** विधायक दुर्ग ग्रामीण

## पेज 11 के शेष

### सवारी ढो रहे दो ...

कार्यक्रम से अपने गांव वापस लौट रहे थे। इस बीच डौंडी उकारी मार्ग के आगे गंगोलीडीह गांव के पास पिकअप वाहन अनियंत्रित होकर पलट गई। सूचना के बाद गांव के ग्रामीण मौके पर पहुंचे और घायलों को सुरक्षित गाड़ी से बाहर निकाला। जिसके बाद ग्रामीणों ने डौंडी पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस घायलों को पुलिस वाहन में ही डौंडी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया, जहां पर घायलों का इलाज किया गया। गंभीर रूप से घायल 4 लोगों को दल्लीराजहरा के एक निजी अस्पताल में ले जाया गया। घटना के बाद डौंडी पुलिस पूरे मामले की जांच में जुट गई है। वही डौंडी थाना में चालक के खिलाफ मामला भी दर्ज कर लिया गया है।

### नेशनल गेम्स में ...

निःशुल्क प्रशिक्षण देते आ रहा है। इस वर्ष भी 1 अप्रैल से प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया जाएगा। किक बॉक्सिंग के अध्यक्ष एवं समाज सेवी अजय यादव ने कहा कि बालोद जिले के युवाओं में प्रतिभा की कमी नहीं है, बस उन्हें निखारने की जरूरत है।

### जुआ खेलते रंगे ...

स्व एमएस ठाकुर उम्र 42 वर्ष साकिन आजाद नगर चिखलाकसा थाना राजहरा जिला बालोद को ताश से जुआ खेलते पकड़ा गया। फड़ एवं आरोपियों के कब्जे से कुल 36,060 रूपए नकद एवं ताश पत्ती व एक चटाई जब्त की गई। आरोपियों के विरूद्ध छत्तीसगढ़ जुआ प्रतिषेध अधिनियम 2022 की धारा 5 के तहत कार्रवाई कर गिरफ्तार किया गया।

# बारिश में पानी की धार व गर्मी में रेत पर चलकर जिला मुख्यालय पहुंचते हैं ग्रामीण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

ग्राम नेवारीकला में पुल नहीं होने का सबसे ज्यादा दंश ग्रामीणों के साथ ग्राम के मिट्टी के सामान बनाने वाले कुम्हार परिवारों को झेलना पड़ रहा है। कुम्हार परिवार की महिलाएं ग्राम से नदी के रास्ते जिला मुख्यालय के 7 किलोमीटर का सफर सिर पर मटके रखकर पैदल ही चलकर पूरी करती हैं। गर्मी के दिनों में देशी फ्रिज के रूप में जाने वाले मिट्टी के मटके बाजार में दिखने लगे हैं। बाजार में 20 रूपये से लेकर 100 रूपये तक छोटे से बड़े आकार में मटके बाजार में बिक रहे हैं। इन्हें खरीदने के लिए लोग इन छोटे व्यापारियों से मोल भाव करते दिखते हैं, लेकिन मोल भाव करने वाले लोग इन छोटे व्यापारियों के निर्माण से लेकर सामान को बाजार तक लाने के लिए की गई मेहनत को न देखते हुए कम दाम में सामान लेने की कोशिश करते हैं।

इससे मुनाफा न होता देख वर्तमान में युवा पीढ़ी इन स्वरोजगार से दूर होती जा रही है। वहीं, कहीं अन्य स्थानों पर रोजी मजदूरी कर परिवार पालन करने को मजबूर हैं। वहीं, महिलाएं शहर में भी ऐसे ही सिर पर मटके लेकर गली-गली घूम कर मटके बेचती दिखती हैं।

- हर मौसम में दुखदायी साबित हो रहा 7 किमी का सफर

## ग्राम नेवारीकला में तांदुला नदी पर पुल नहीं बनने का दंश झेल रहे ग्रामीण



### इन दिनों सिर पर घड़े लेकर मुख्यालय पहुंच रही हैं महिलाएं

ग्राम नेवारीकला की महिलाओं को तस्वीर में देखा जा सकता है कि जहां वे साल भर ऐसे ही कई त्यौहारों के अवसर पर त्यौहार अनुसार मिट्टी का सामान तैयार कर पैदल ही जिला मुख्यालय तक सिर पर सामान लेकर पैदल ही सफर करती हैं। इस दौरान बात करने पर महिलाओं ने बताया कि ग्राम के तांदुला नदी में पुल नहीं होने के कारण ऐसी दिक्कतों का सामना सालों से करते आ रहे हैं। उन्होंने कहा कि यदि अगर नदी में पुल होता, तो गाड़ी लगाकर कम दाम में अधिक सामानों को पहुंचाने मे मदद मिलती। इससे हम उपभोक्ताओं को भी कम कीमत पर मिट्टी के सामान उपलब्ध करा पाते।

## खबर संक्षेप

### प्रदेश दिल्लीवार कुर्मी क्षत्रिय समाज की दूसरी बार अध्यक्ष बनीं प्रीति



**बालोद।** नगर की प्रीति देशमुख छत्तीसगढ़ प्रदेश दिल्लीवार कूर्मी क्षत्रिय समाज के महिला विंग की दूसरी बार अध्यक्ष निर्वाचित हुई हैं। केंद्रीय कार्यालय दुर्ग में हुई मतगणना में प्रीति देशमुख ने 478 मत प्राप्त करके अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी को 147 वोटों से पराजित किया। ज्ञात हो कि 2021 में हुए चुनाव में प्रीति देशमुख को 469 मत मिले थे, इस बार 478 मत प्राप्त हुआ है। दिल्लीवार कुर्मी क्षत्रिय समाज के लोग दुर्ग, रायपुर, महासमुंद, कांकेर एवं राजनांदगाँव लोकसभा क्षेत्रों में निवासरत हैं, जो 13 सामाजिक सर्किल और 5 नगरइकाई में बंटे हुए हैं। सभी सर्किल एवं नगर इकाई के प्रतिनिधि केंद्रीय अध्यक्ष को वोट देते हैं। प्रीति देशमुख ग्राम सुंदरा निवासी सेवानिवृत्त शिक्षक टीकम सिंह देशमुख की ज्येष्ठ पुत्र षडेन्द्र देशमुख की धर्मपत्नी है। यह उनका दूसरा कार्यकाल है।

### भैंसबोड़ में मानस चौपाल 30 से



**डौंडीलोहारा।** आध्यात्म एवं धर्म की पावन धरा ग्राम भैंसबोड़ में हिन्दू नववर्ष चैत्र नवरात्रि के पावन पर्व पर भगवान श्री रामचंद्र जगतजननी माँ जानकी एवं लखनलाल की प्राण प्रतिष्ठा के साथ 30 मार्च से 6 अप्रैल तक मानस चौपाल का आयोजन किया जाएगा। इसके अंतर्गत बहु प्रतिष्ठित अलग-अलग मानस मंडलियों द्वारा व्याख्यान दिया जायेगा। मानस गंगा के व्याख्याकर घनाराम ठाकुर द्वारा प्रतिदिवस प्रस्तुति करण देने वाली मानस मण्डलियों की जानकारी दी गई। उन्होंने बताया कि 30 मार्च को रामराग मानसमंडली दल्लीराजहरा सायं 7 बजे से 8.30 तक प्रस्तुति देगी। उसके बाद इसी दिन 8.35 से 10.30 तक चमन मानस मंडली सलोनी द्वारा प्रस्तुति दी जाएगी। इसी तरह 31 मार्च को पूजा मानस परिवार चिरको , 1 अप्रैल को स्वरंजलि मानस मंडली तुमाकला, 2 अप्रैल महतारी के मया मानस मंडली डोंगरगांव, 3 अप्रैल को सिद्धेश्वर मानस परिवार देवरतिल्दा, 4 को श्री राम मानस परिवार पीपर हटा, 5 अप्रैल को अंजनैया मानस परिवार अंबागढ़ चौकी तथा 6 अप्रैल को नवधा रामायण मानस मंडली द्वारा रामचरित मानस के विभिन्न प्रसंगों पर प्रस्तुति दी जाएगी।

## निधन

### चिरजीवेन्द्र नेताम



**बालोद।** ग्राम तरौद निवासी हॉस्टल चतुर्थ वर्ग कर्मचारी ग्राम घीना में पदस्थ चिरजीवेन्द्र नेताम 55 वर्ष का निधन हो गया है। उनका अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्तिधाम में किया गया। वे अंजुबाला नेताम के पति और भूषण नेताम के बड़े भैया थे।

## विनायकपुर शाला में उल्लास परीक्षा के तहत 38 परीक्षार्थियों ने दी परीक्षा

# उल्लास कार्यक्रम के तहत सीखा पढ़ना-लिखना राष्ट्रव्यापी महापरीक्षा अभियान में हुए शामिल



हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा

उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम के अंतर्गत विनायकपुर शाला में 23 मार्च को महापरीक्षा का आयोजन किया गया। इस परीक्षा में उन लोगों ने भाग लिया जो पहले पढ़े-लिखे नहीं थे, लेकिन उल्लास कार्यक्रम के तहत उन्हें शिक्षा प्रदान की गई।

इस परीक्षा में 38 परीक्षार्थी शामिल हुए, जिनमें 31 महिलाएं एवं 7 पुरुष थे। सभी परीक्षार्थियों का आरती उतारकर और गुलाल लगाकर किया गया, क्योंकि उनमें पढ़ाई करने की इच्छा जागृत हुई। इस परीक्षा के दौरान, इन लोगों ने अपनी शिक्षा की प्रगति का प्रदर्शन किया और अपने ज्ञान का परीक्षण किया। परीक्षा के परिणाम जल्द ही घोषित किए जाएंगे।

इस अवसर पर संकुल समन्वयक किशोर कुमार दिल्लीवार, केंद्राध्यक्ष टिकेंद्र चंद्राकर, प्रेमलता योगी नरेश गायकवाड़, विजेता सूर्यवंशी, चमेली ठाकुर, रामेश्वरी रायते, उषा सिन्हा, भावना तिवारी, भारती देशमुख, गुलशन चंद्राकर एवं 10वीं, 11वीं व 12वीं के वे विद्यार्थी भी उपस्थित थे, जो वीटी बनकर उन्हें पढ़ा रहे थे। उल्लास कार्यक्रम के तहत, विनायकपुर शाला ने लोगों को शिक्षा प्रदान करने के लिए एक महत्वपूर्ण कदम उठाया है।

## राष्ट्रव्यापी महापरीक्षा अभियान के तहत सहगांव में रही शत-प्रतिशत उपस्थिति





**डौण्डीलोहारा।** राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अन्तर्गत उल्लास नवभारत साक्षरता केन्द्र सहगांव में राष्ट्रव्यापी महापरीक्षा अभियान बुनियादी साक्षरता एवं संख्या ज्ञान आकलन परीक्षा 23 मार्च को आयोजित की गई। इस अवसर पर जिला नोडल अधिकारी आरएस साहू, सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी एके साहू व संकुल समन्वयक गिरीश कुमार निर्मोही द्वारा निरीक्षण किया गया। परीक्षा केंद्र की व्यवस्था व परीक्षार्थियों की उपस्थिति देखकर खुश हुए। इस केन्द्र में गैंदकुंवर, भगवंतीन, अदमा बाई, हेमीन, गुमा बाई, उर्मिला देवांगन, दसमत, बिटान बाई, उर्मिला पिस्दा, लतेलिन, फूलबासन, फूलमत व बुधन्तीन बाई शामिल हुए। इस परीक्षा में केन्द्राध्यक्ष विजय कुमार पटेल प्रधान पाठक, पर्यवेक्षक के रुप में दीपा आमदो सहायक शिक्षक व स्वयं सेवी शिक्षक रुखमणी लोहमार तथा तिलका ने अपनी भूमिका निभाई।

# बाबा दरबार धनोरा में चैत्र नवरात्रि की तैयारियां जोरों पर



हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा

बाबा दरबार पावन धाम धनोरा दुर्ग में चैत्र नवरात्रि की तैयारी जोर-शोर से चल रही है। दरबार को रंग रोगन किया जा रहा है एवं लाइट डेकोरेशन किया जा रहा है। दरबार के लक्ष्मण बाबा ने बताया कि 29 मार्च को रात्रि में बिरही भिगोया जाएगा।

30 मार्च को दोपहर 12 बजे पंडित विनय शर्मा एवं लक्ष्मण बाबा द्वारा विधी विधान से पूजा कर घटस्थापना की जाएगी। 2 अप्रैल को पंचमी श्रृंगार, 5 अप्रैल को शाम 4 बजे अष्टमी हवन का कार्यक्रम होगा। 6 अप्रैल को शाम 4 बजे ज्योति कलश शोभायात्रा निकाली जाएगी। लक्ष्मण बाबा ने बताया कि इस बार की चैत्र नवरात्रि केवल 8 दिन की है। उन्होंने बताया कि ज्योति कलश प्रज्ज्वलित करवाने के लिए शुल्क 751 रुपए रखा गया है।

### भगवान हनुमान के प्रकटोत्सव पर निकाली जाएगी भव्य शोभायात्रा

इसी तरह दरबार प्रतिनिधी चंद्रकांत कोसरे एवं कुंज लाल साहू ने बताया कि इस वर्ष भी भगवान हनुमान जी का प्रकटोत्सव धूमधाम से मनाया जाएगा। 12 अप्रैल को दरबार से भव्य शोभायात्रा झांकी के साथ निकाली जाएगी। महावीर उद्यान में हनुमान जी की पूजा कर पताका चढ़ाया जाएगा। रात्रि 10 बजे से सांस्कृतिक कार्यक्रम राग अनुराग हेमलाल कौशल कृत की प्रस्तुति होगी।

# बाइक चोरी का आरोपी चढ़ा पुलिस के हत्थे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

- महिला के साथ घूम रहा था संदिग्ध युवक, ग्रामीणों ने पूछताछ की तो उसे छोड़कर भागा
- ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने युवक को ढूंढकर किया गिरफ्तार



सशक्त ऐप से बालोद पुलिस ने एक बार फिर शातिर चोर को पकड़ने में पाई। थाना बालोद के 02 प्रकरण में मोटर सायकल चोरी एवं 01 प्रकरण में नगदी रकम तथा डौण्डी लोहारा के 02 प्रकरण में मोटर सायकल चोरी के आरोपी को गिरफ्तार किया गया। पूर्व में भी आरोपी चोरी के अपराध में जेल जा चुका है।

क्षेत्र में हो रही चोरी को रोकने व आरोपियों को पकड़ने हेतु कोतवाली निरीक्षक रविशंकर पाण्डेय द्वारा एक विशेष टीम गठित की गई थी। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार थाना बालोद अंतर्गत गांव में संदिग्ध अपनी महिला साथी के साथ मोटरसाइकिल पर घूम रहा था। ग्रामीणों द्वारा संदिग्ध मानकर पूछताछ करने पर आरोपी अपनी महिला साथी को अकेला छोड़कर भाग गया। ग्रामीणों ने तत्काल थाने को सूचित किया। मौके पर थाना बालोद स्टाफ ने मोटरसाइकिल के संबंध में पूछताछ की, तो भागे हुए साथी का होना बताया। तत्काल स्टाफ द्वारा मोटरसाइकिल के गाड़ी नंबर को सशक्त एप में चेक किया गया, जो बालोद में चोरी हुआ था। थाना प्रभारी रविशंकर पांडे एवं साइबर टीम की एक विशेष टीम ने संदेही लक्ष्मी नारायण गंधर्व को हिरासत में लेकर पूछताछ की। पूछताछ में उसने बताया कि राह चलते बाइक चोरी करता है। उसने बताया कि बाइक को अपने घर पर रखा है। घर में रखे बाइक को सशक्त ऐप से चेक करने पर डौंडीलोहारा थाना एवं बालोद थाना में चोरी का अपराध पंजीबद्ध होना पाया गया, जिस पर अग्रिम वैधानिक कार्रवाई की गई। उक्त संदेही ने पूर्व में ट्रक से पैसा चोरी करना भी कबूल किया।

वार्ड क्रमांक 20 पाररास बालोद निवासी आरोपी लक्ष्मीनारायण गंधर्व 23 वर्ष ने बताया कि चोरी की रकम को खाने पीने और घूमने में खर्च कर दिया। आरोपी की निशानदेही पर चोरी की गाड़ियों को बरामद किया गया। आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है।

## चाकू लहराकर लोगों को डरा रहा आरोपी गिरफ्तार

**राजनांदगांव।** चाकू लहराकर आम लोगों को डराने-धमकाने के मामले में पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 25, 27 आर्म्स एक्ट की कार्रवाई की है। पुलिस सूत्रों के अनुसार चिखली पुलिस चौकी क्षेत्र अंतर्गत 23 मार्च को चिखली शासकीय प्रेस के पीछे रोड़ पर धारदार चाकू लहराकर आने-जाने वाले लोगों को डरा-धमका रहे आरोपी सूरज वाहने 27 साल चिखली झोपड़पट्टी शासकीय गवर्मेंट प्रेस के पीछे चौकी चिखली को तत्काल पकड़कर आरोपी के कब्जे से एक धारदार लोहे का चाकू जब्त किया गया।

# जैन युवा मंच भखारा राल का हुआ गठन पदाधिकारियों और सदस्यों ने ली शपथ

## मंच में दुर्ग, धमतरी व रायपुर जिले के 22 ग्रामों के जैन युवाओं को किया गया शामिल





हरिभूमि न्यूज. जामगांव आर

जैन युवा मंच भखारा राल का गठन कर शपथ ग्रहण समारोह बेलहारी में आयोजित किया गया। जैन युवा मंच में दुर्ग, धमतरी, रायपुर जिले के 22 ग्रामों के जैन परिवारों के युवा सदस्यों को शामिल किया गया है। गौतम चंद चौरड़िया बटरेल, भरत नाहर भखारा, तिलोक चंद ओस्तवाल कुरूद, दीपचंद राय सोनी पचपेड़ी, निर्मल रायसोनी रानीतराई, विनोद नाहर गातापार जैन युवा मंच के संरक्षक बनाए गए है।

भखारा राल जैन समाज के जैन श्री संघ जामगांव आर, बटरेल, बेलहारी, सुरपा, ओदरागहण, निपानी, पचपेड़ी, रानीतराई, भेलवाकूदा, सेमरा, भखारा, गातापार, बोरझरा, देवरी, जामगांव जी, कुरूद, गुजरा, पंदर, कसही, तर्रागोंदी, देवरी, भाठागांव के युवा सदस्य जैन युवा मंच भखारा राल के सदस्य होंगे।

**जैन युवा मंच के पदाधिकारी व सदस्यों ने ली शपथ :** शपथ ग्रहण समारोह में जैन युवा मंच के सदस्य एवं पदाधिकारी गौतम पारख अध्यक्ष, रजत ओस्तवाल, मनीष बैंद, अनिल बंगानी उपाध्यक्ष, जिनेश चौरड़िया एवं अजय पारख महामंत्री सुनील रायसोनी, कोषाध्यक्ष प्रमोद चौरड़िया, सुनील नाहर, एवं नीरज रायसोनी सचिव मीडिया प्रभारी आशीष कोचर व सदस्य आशीष पारख, सतीश नाहटा, मयंक पारख, मनोज पारख सहित सभी सदस्यों को रानीतराई ग्राम पंचायत के पूर्व सरपंच निर्मल जैन ने संस्कार विश्वास भाईचारा को आधार मजबूत करने की शपथ दिलाई।

### युवा धैर्यपूर्वक सोंचे, समझें, फिर कदम बढ़ाएं

भखारा राल जैन समाज के वरिष्ठ जैन युवा मंच संरक्षक गौतमचंद चौरड़िया ने कहा कि युवाओं के पास कार्य करने की अदभुत क्षमता है। युवा धैर्यपूर्वक सोचें, समझें और कदम बढ़ाएं, ऐसे में मंजिल कदम चूमेगी।

भखारा राल जैन समाज ने 70 वर्षों से संतानों को संस्कार धर्म की शिक्षा दी है, अब बारी है युवा साथियों की। वे घर परिवार समाज की धर्म संस्कार की आधार को मजबूत बनाने स्वर्णिम इतिहास रचने में सफल हों। कार्यक्रम को जैन युवा मंच भखारा राल के प्रथम अध्यक्ष गौतम पारख, संरक्षक भरत नाहर, तिलोक चंद ओस्तवाल ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम का संचालन ललित नाहटा एवं आभार यादमल गोलछा ने किया।

## बोरी में रखी थी 24 पौवा शराब, गिरफ्तार

**राजनांदगांव।** धरपकड़ अभियान के तहत पुलिस ने ग्राम मटिया में घेराबंदी कर अवैध शराब बिक्री करने के मामले में आरोपी को पकड़ा। जिससे 24 पौवा देशी प्लेन शराब बरामद कर कार्रवाई किया गया। पुलिस सूत्रों के अनुसार डोंगरगांव थाना क्षेत्र अंतर्गत 23 मार्च को थाना डोंगरगांव पुलिस मुखबीर से सूचना के आधार पर थाना डोंगरगांव में पुलिस टीम मुखबीर के बताए स्थान पर घेराबंदी कर रेड़ कार्रवाई किया।




साप्ताहिक बाजार में बड़ी संख्या में पहुंचा तरबूज

# गर्मी बढ़ने के साथ बढ़ी तरबूज की मांग, 25 से 50 रूपए तक बिक रहा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दल्लीराजहरा

दल्लीराजहरा सहित क्षेत्र में इन दिनों तरबूज की आवक बढ़ गई है। ग्राम खलारी से पहुंचे कलीराम नेताम ने बताया कि तरबूज की मांग बढ़ रही है। छोटे तरबूज 50 रूपए जोड़ी तथा बड़े तरबूज 60 से 100 रूपए जोड़ी तक बिक रहा है। उन्होंने कहा कि मार्च-अप्रैल माह तक कलिंदर बड़ी संख्या में बिकते हैं। उन्होंने बताया कि आगामी माह अप्रैल में तरबूज की कीमत बढ़ जाएगी।

साल्हे सिंघनवाही चिखलाकसा क्षेत्र से पहुंचे उपेंद्र कुमार साहू ने कहा कि तरबूज (कलिंदर) गर्मी के दिनों में बहुत पसंद किया जाने वाला फल है, खासकर दल्लीराजहरा और आसपास के क्षेत्रों में गर्मी बढ़ने के साथ-साथ इसकी मांग भी तेजी से बढ़ती है, जिसका असर साप्ताहिक बाजारों में भी देखा जा सकता है। रविवार को बाजारों में बड़ी संख्या में तरबूज बिकते नजर आए, जिससे इसकी लोकप्रियता का अंदाजा लगाया जा सकता है।

## तरबूज खाने के फायदे



इसका सबसे बड़ा फायदा तत्काल दिखता है, जो ये कि यह गर्मी से राहत दिलाता है। इसका ठंडा प्रभाव शरीर को ठंडक पहुंचाता है और लू से बचाव करता है। तरबूज में लगभग 92 प्रतिशत तक पानी होता है, जो शरीर को डिहाइड्रेशन से बचाने में मदद करता है। इसी तरह पाचन में सहायक क्योंकि इसमें फाइबर की मात्रा अच्छी होती है, जिससे पाचन तंत्र सुचारू रूप से काम करता है। वहीं, इसमें नेचुरल शुगर होती है, जो तुरंत ऊर्जा प्रदान करती है। इसमें लाइकोपीन नामक एंटीऑक्सीडेंट पाया जाता है, जो हृदय के स्वास्थ्य के लिए लाभदायक है। इसके साथ ही इसमें मौजूद विटामिन ए और सी त्वचा को चमकदार बनाने और बालों को मजबूत करने में मदद करते हैं।

